# सीबीडीसी वितरण का हुआ शुभारंभ

## नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज डिजिटल इंडिया का विस्तार



**अहमदाबाद, 16 फरवरी. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी आधारित पारदर्शी, आधुनिक व सरल सार्वजनिक वितरण व्यवस्था पीडीएस का शुभारंभ किया.**

इस दौरान अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज डिजिटल इंडिया का विस्तार खाद्य और आपूर्ति की व्यवस्था तक पहुंच रहा है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को दिया है. उन्होंने कहा कि भारत में 60 करोड़ लोग ऐसे थे जिनके पूरे परिवार में एक भी बैंक खाता नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में होने वाले कुल डिजिटल ट्रांजेक्शन्स में से आधे भारत में हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि आज वही डिजिटल इंडिया, देश के गरीबों को सस्ता अनाज देने के क्षेत्र में पदार्पण कर रहा है.


### शाह ने स्थापना दिवस पर ली सलामी

नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस पर किंग्सवे कैंप स्थित नई पुलिस लाइंस में भव्य परेड की सलामी ली. उन्होंने पुलिस बल के शौर्य, समर्पण और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की सराहना की और कहा कि दिल्ली पुलिस अब दुनिया के लिए सुरक्षा और आधुनिक पोलिशिंग में मिसाल बन रही है. अमित शाह ने कहा कि पुलिस का असली उद्देश्य अपराधियों में खौफ और जनता में विश्वास पैदा करना है. उन्होंने शांति, सेवा और न्याय के मूल मंत्र को दोहराते हुए कहा कि पुलिस को समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना चाहिए.

## चीन में पटाखे की दुकान में विस्फोट से 8 की मौत

**चीन.** जियांग्सू प्रांत के एक गांव में पटाखों की दुकान में विस्फोट और आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य मामूली रूप से झुलस गए. यह हादसा चंद्र नववर्ष से पहले रविवार दोपहर को हुआ. शुरुआती जानकारी के अनुसार, विस्फोट दुकान के पास एक व्यक्ति द्वारा आतिशबाजी गलत तरीके से जलाने के कारण हुआ. सरकार ने अभी तक घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है.चीन में चंद्र नववर्ष या वसंत उत्सव की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी करना एक परंपरा है, लेकिन इस घटना ने सुरक्षा की चिंता बढ़ा दी है. हादसे के बाद आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने दुकानों के आसपास पटाखे फोड़ने पर सख्त प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बिक्री और उपयोग पर कड़ी निगरानी करने का आग्रह किया है.

# दूसरे देश जो 20 साल में करते है हम 5 साल में करेंगे : राजनाथ



**नई दिल्ली, 16 फरवरी. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि देश एडवांस्ड मीडियम कॉम्बेट एयरकाफ्ट यानी एमका के डिजाइन और डेवलपमेंट की ओर तेजी से बढ़ रहा है.**

पूर्व में भी एयरो इंजन के क्षेत्र में महारथ हासिल करने के कई प्रयास किए हैं. अब समय आ गया है कि हमारे जो प्रयास अधूरे रह गए थें, उनको हम पूरा करें. रक्षा मंत्री सोमवार को गैस टरबाइन रिसर्च स्टेब्लिशमेंट बेंगलुरु में विशेषज्ञों के बीच बोल रहे थे. रक्षामंत्री ने विशेषज्ञों व शोधकर्ताओं से कहा, अगर किसी इंजन को विकसित करने में 25 साल लग रहे हैं, तो भारत की मौजूदा स्थिति , हमारी रणनीतिक जरूरत और हमारी महत्वाकांक्षा ऐसी हैं कि आप मानकर चलिए कि आपके 20 साल पहले ही खत्म हो चुके हैं और अब सिर्फ 5 साल ही आपके पास बचे हैं. यह कोई अचरज वाली बात नहीं है, यह एक चुनौती है. हमें 5 साल में वो कर दिखाना है.

> हम सिर्फ 5वीं पीढ़ी के इंजन तक सीमित नहीं रह सकते. छठी पीढ़ी की एडवांस टेक्नोलॉजी का विकास भी हमें जल्द से जल्द शुरू करना होगा. उस पर रिसर्च , समय की मांग है. जैसे-जैसे दुनिया में टेक्नोलॉजी बदल रही है, आर्टिफिशियल मशीन लर्निंग और न्यू मटीरियल का प्रयोग बढ़ रहा है, हमें उनमें आगे रहना होगा .उन्होंने यहां मौजूद वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं से कहा कि आप इंग्लैंड के साथ एयरो इंजन विकसित करने के लिए संयुक्त अध्ययन कर रहे हैं. यह बहुत अच्छी पहल है.

# अरविंद केजरीवाल ने 'युद्ध नशे विरुद्ध' अभियान का दिया सदेश



**मोगा, 16 फरवरी. पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में शुरू किए गए 'युद्ध नशे विरुद्ध' अभियान के तहत मोगा जिले में आयोजित कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रैली को संबोधित किया.**

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में पहली बार नशे के खिलाफ जबरदस्त युद्ध छिड़ा है और अब जनता का भरोसा सरकार और पुलिस पर बढ़ा है.केजरीवाल ने बताया कि अभियान शुरू होने से पहले लोग डर और संदेह में थे. कोई नशा तस्करों के खिलाफ जानकारी देने के लिए तैयार नहीं था. लेकिन पिछले एक साल में पुलिस ने 2,000 किलो से अधिक नशा बरामद किया और बड़े तस्करों के बंगलों पर बुलडोज़र चलाए गए. इससे लोगों में भरोसा बढ़ा और अब वे खुलकर नशे के खिलाफ अभियान में भाग ले रहे हैं.उन्होंने कहा कि पहले पुरानी सरकारों में नशे के खिलाफ केवल बातें होती थीं, काम नहीं.

# प्रशिक्षु अधिकारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिले



**नई दिल्ली,16 फरवरी. भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा, रक्षा वैमानिक गुणवत्ता आश्वासन सेवा तथा भारतीय व्यापार सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से यहां राष्ट्रपति भवन में सोमवार को शिष्टाचार भेंट की.**

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिष्ठित सेवाओं में उनका चयन राष्ट्रसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है. अनेक युवा जहां तक पहुंचने का सपना देखते हैं, वहां तक पहुंचने का अवसर कुछ ही लोगों को मिलता है. ऐसे में वे अनेक युवाओं के लिए प्रेरणा और आदर्श बन सकते हैं. उन्होंने कहा कि उदाहरण प्रस्तुत कर नेतृत्व करना उनकी पूरी सेवा-यात्रा के दौरान उनकी जिम्मेदारी रहेगी. राष्ट्रपति ने कहा कि जब अधिकारी प्रतिबद्धता के साथ भारत के विकास और प्रत्येक नागरिक के कल्याण के लिए कार्य करते हैं, तो राष्ट्र और अधिक सशक्त, सक्षम और वैश्विक मंच पर सम्मानित बनता है.

> आपका उत्साह और समर्पण 'नए भारत' के निर्माण में परिवर्तनकारी शक्ति बन सकता है.भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे जनविश्वास के संरक्षक और वित्तीय अनुशासन के प्रहरी हैं. कार्यपालिका और लेखा परीक्षा संस्थानों के बीच समन्वय से शासन व्यवस्था में जवाबदेही की प्रभावशीलता बढ़ती है. एक प्रभावी साझेदारी सार्वजनिक व्यय की दक्षता बढ़ाने तथा वांछित परिणाम प्राप्त करने में सहायक होती है. उन्होने कहा संविधान और सेवा की परंपराओं व मूल्यों को सदैव बनाए रखने का आग्रह किया.

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना अकाली दल में शामिल

**संगरूर.** पंजाब की राजनीति में मंगलवार को उस समय हलचल मच गई, जब भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद खन्ना ने अपने समर्थकों सहित भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर शिरोमणि अकाली दल का दामन थाम लिया. संगरूर के एक पैलेस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने उन्हें सिरोपा पहनाकर पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल कराया. बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे. कार्यक्रम के दौरान भाजपा के जिला प्रधान धरमिंदर सिंह दुल्लट, तीन पार्षदों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी अकाली दल में शामिल होने की घोषणा की.

# बीएनपी की नई सरकार में दो हिंदू सांसद होंगे शामिल

### सरकार में गोयेश्वर चंद्र रॉय कैबिनेट में संभावित चेहरे



**ढाका,16 फरवरी. बांग्लादेश में हाल ही हुए 13वें संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने भारी बहुमत हासिल किया है और नई सरकार बनाने की तैयारी में है.**

पार्टी से चार अल्पसंख्यक सांसद चुने गए हैं, जिनमें दो हिंदू सांसद हैं. ढाका-3 सीट से जीतने वाले गोयेश्वर चंद्र रॉय को नई कैबिनेट में शामिल किए जाने की संभावना है. रॉय बीएनपी के वरिष्ठ नेता हैं और 1991-1996 में खालिदा जिया की सरकार में राज्य मंत्री रह चुके हैं. दूसरे हिंदू सांसद हैं निताई रॉय चौधरी, जो पार्टी के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार हैं. दोनों ने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवारों को हराया. बीएनपी 30—40 सदस्यों की कैबिनेट बनाने की तैयारी कर रही है. प्रधानमंत्री पद के दावेदार तारिक रहमान अंतिम कैबिनेट सूची तय करेंगे. विदेश, वित्त, वाणिज्य, कानून और गृह मंत्रालय सहित कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों के लिए वरिष्ठ नेताओं के नाम चर्चा में हैं.

# किसानों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म लांच करेंगे शिवराज



**नई दिल्ली, 16 फरवरी. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 फरवरी को जयपुर में देशभर के किसानों के लिए नया एआई-संचालित डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत-विस्तार लांच करेंगे.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तैयार यह प्लेटफॉर्म किसानों को मौसम, मंडी भाव, कीट-रोग, मिट्टी, फसल प्रबंधन और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी एक ही जगह उपलब्ध कराएगा.लांच समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय और राज्य कृषि मंत्री, सांसद, विधायक,आईसीएआर, केवीके और कृषि विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे.

> एआई फॉर एग्रीकल्चर रोडमैप, एआई हैकथॉन और एग्रीकोष की भी घोषणा होगी .भारत-विस्तार वॉयस-फर्स्ट एआई प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार किया गया है, जिससे साधारण फीचर फोन से भी किसान हेल्पलाइन 155261, चैटबॉट, वेबसाइट या ऐप के जरिए सेवा ले सकेंगे. फेज-1 में महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात समेत कई राज्यों के किसानों तक यह सुविधा पहुंचेगी. प्लेटफॉर्म में आईएमडी मौसम डेटा, मंडीभाव,एनपीएसएस के माध्यम से कीट और रोग प्रबंधन, फसल एवं मिट्टी सलाह और केंद्र सरकार की 10 प्रमुख योजनाओं की जानकारी शामिल होगी.

# गाजा में शांति, पुनर्निर्माण के लिए पांच अरब डॉलर देगा शांति बोर्ड : ट्रंप



**वाशिंगटन, 16 फरवरी. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाज़ा शांति योजना में अंतरराष्ट्रीय योगदान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शांति बोर्ड के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मानवीय एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है.**

ट्रंप ने कहा कि इस पहल को 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रंप शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा. यहां 'शांति बोर्ड' के सदस्य बैठक करेंगे. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, शांति बोर्ड में असीम संभावनाएं हैं. वाशिंगटन डीसी के डोनाल्ड जे ट्रंप शांति संस्थान में 19 फरवरी 2026 को शांति बोर्ड के सदस्य मेरे साथ होंगे जहां हम घोषणा करेंगे कि सदस्य देशों ने गाज़ा के मानवीय और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है. साथ ही गाज़ा के लोगों के लिए सुरक्षा और शांति बरकरार रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्थायीकरण बल एवं स्थानीय पुलिस बल में हजारों कर्मी उतारने का भी वादा किया है.

# जयशंकर ने कनाडाई विदेश मंत्री से की बैठक

## दोनों देशों देंगें द्विपक्षीय संबंधों में नई गति



**ओटावा,16 फरवरी. कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की. सितंबर 2025 के बाद से यह उनकी पांचवीं मुलाकात थी. दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति पर जोर दिया.**

कनाडा सरकार ने कहा, विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के मौके पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात की. बयान में आगे कहा गया, सितंबर 2025 के बाद से मंत्रियों के बीच यह पांचवीं मीटिंग है, जो कनाडा-भारत के संबंध में बढ़ती रफ्तार को दिखाती है, जो 75 साल से ज्यादा पुराने राजनयिक संबंधों और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर बनी है. मंत्रियों ने एनर्जी, तकनीक और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका पर जोर देते हुए कनाडाई सरकार ने प्रेस रिलीज में कहा, मंत्री आनंद ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते कनाडा के लिए एक साझेदार के तौर पर भारत की अहमियत पर ध्यान दिया.

# एल साल्वाडोर की नौसेना ने जब्त की 6 .6 टन कोकीन

**मेक्सिको सिटी,16 फरवरी. एल साल्वाडोर की नौसेना ने 6.6 टन कोकीन ले जा रहे जहाज़ को पकड़ा है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती है. एल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोमवार को यह घोषणा की.इस कोकीन की कीमत करीब 16.5 करोड़ डॉलर है.**

बुकेले ने सोशल मीडिया पर लिखा, हमारी राष्ट्रीय नौसेना ने एल साल्वाडोर के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती को अंजाम दिया है. बुकेले के मुताबिक, यह अभियान एल साल्वाडोर के तट से 380 समुद्री मील (703.7 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में हुआ. नौसेना ने 54 मीटर लंबे एफएमएस ईगल को रोका, जो तंजानिया के झंडे के नीचे पंजीकृत एक सहायक जहाज है. बुकेले ने कहा, छिपे हुए डिब्बों में 330 गांठें थीं, जो 6.6 टन कोकेन के बराबर थीं, जिनकी अनुमानित कीमत 16.5 करोड़ डॉलर है.

उन्होंने साफ किया कि मादक पदार्थ को बैलास्ट टैंकों में छिपाया गया था. नौसेना के तैराकों को उनका पता लगाने, हल की जांच करने और मादक पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि करने के लिए लगाया गया था. जहाज पर सवार सभी 10 लोगों को हिरासत में ले लिया गया, जिनमें चार कोलंबियाई, तीन निकारागुआई, दो पनामाई और एक इक्काडोरियन शामिल थे.

## पाक के सिंध में सड़क दुर्घटना में छह की मौत

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक कार और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई. राहत एवं बचाव दल के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा नौशहरो फिरोज जिले में हुआ. प्रांत की राजधानी कराची जा रही एक तेज रफ्तार कार एक ट्रेलर से टकरा गई. अधिकारी ने कहा, टक्कर बहुत जोरदार थी और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. सभी छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई. बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई. पुलिस ने कहा कि वे हादसे के सही कारण की जांच कर रहे हैं.

# कांग्रेस एमपी रेणुका चौधरी को विशेषाधिकार हनन का नोटिस

### संसद परिसर में कुत्ता लाने का मामला



**नई दिल्ली, 16 फरवरी. कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद रेणुका चौधरी को अपनी कार में एक आवारा कुत्ते को संसद परिसर में लाने और सांसदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया गया है.**

सूत्रों के अनुसार, राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने चौधरी के खिलाफ एक शिकायत पर संज्ञान लिया है और 23 फरवरी तक आरोपों का जवाब देने के लिए कहा है. संसद के पिछले शीतकालीन सत्र के दौरान, एक दिसंबर को चौधरी आवारा कुत्ते को अपनी कार में संसद लेकर आई थीं और जब कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई, तो उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि अंदर बैठे लोग काटते हैं, कुत्ते नहीं. सूत्रों ने बताया कि भाजपा सांसद बृजलाल और इंदु बाला गोस्वामी ने चौधरी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया, जिसे राज्यसभा के सभापति ने विशेषाधिकार समिति को भेज दिया.

## आज का इतिहास

- **1670-** शिवाजी ने मुग़लों के कब्ज़े वाले सिंहगढ़ क़िले को जीता.
- **1698-** औरंगज़ेब ने जिंजी के क़िले पर कब्ज़ा कर लिया.
- **1813-** प्रसिया ने फ़्रांस के ख़िलाफ़ जंग का ऐलान किया.
- **1852-** फ़्रांस में प्रेस सेंसर सहित अनेक दमनात्मक क़दम उठाए गये.
- **1867 -** स्वेज़ नहर से पहला जहाज़ गुजरा.
- **1882 -** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहला टेस्ट मैच खेला गया.
- **1883 -** ब्रिटिश साम्राज्य के ख़िलाफ़ हथियारबंद संघर्ष की शुरुआत करने वाले क्रान्तिकारी वासुदेव बलवंत का निधन.

## एक नजर में



### न्यूजीलैंड में तूफान से हवाई यातायात ठप्प

**वेलिंगटन.** न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप में भारी बारिश एवं तेज हवाओं के कारण हवाई यातायात बाधित हो गया है. इसकी वजह से कई उड़ानें रद्द की गई हैं और 30,000 से अधिक घरों में बिजली गुल हो गयी है. न्यूजीलैंड हेराल्ड अखबार ने सोमवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी. वेलिंगटन हवाई अड्डे के अनुसार, आज सुबह ओशिनिक द्वीप और देश की राजधानी के बीच आवागमन करने वाली अधिकांश उड़ानें रद्द या विलंबित रहीं. एयर न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन, नेपियर और पामर्स्टन नॉर्थ हवाई अड्डों पर अस्थायी रूप से उड़ानें निलंबित कर दी हैं. खराब मौसम के कारण कुछ सड़कें बंद कर दी गई हैं और ट्रेन एवं फेरी सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं.

### पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका, 2 की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद, 16 फरवरी.** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक धमाके में एक बच्चे सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी जबकि 12 अन्य घायल हो गये. एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाका बन्नू जिले में मिरयान पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे हुआ. रेस्क्यू 1122 के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बल और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है. पुलिस के हवाले से कहा गया कि यह धमाका एक मोटरसाइकिल में लगे टाइम बम के फटने से हुआ. खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने एक बयान में धमाके की निंदा की, मौतों पर दुख जताया और मरने वालों और उनके परिवारों के लिए दुआ की.

### इजरायल के ड्रोन हमलों में चार लोगों की मौत

**बेरूत, 15 फरवरी .लेबनान** के पूर्वी क्षेत्र में सीरिया से लगी सीमा पर एक गाड़ी को निशाना बनाकर किये गये इज़रायली ड्रोन हमले में चार लोग मारे गये. लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है.एजेंसी ने बताया कि रविवार रात हुए हमले की जगह के पास के गांवों में ज़ोरदार धमाकों की आवाज़ सुनी गयी. एजेंसी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने गाड़ी के अंदर लगी आग बुझाई और चार लाशें निकालीं. अभी तक इज़रायली सेना ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है. हिज्बुल्लाह और इज़रायल के बीच संघर्ष विराम समझौता 27 नवंबर, 2024 से लागू है.

**धन्यवाद प्रस्ताव** | राज्यपाल के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सीएम ने विपक्ष पर बोला तीखा हमला

# सीएम योगी बोले , 'फियर जोन से फेथ जोन बना यूपी



**लखनऊ, 16 फरवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश फियर जोन से फेथ जोन में परिवर्तित हो चुका है.**

उन्होंने कहा, न कर्फ्यू है, न दंगा है, बल्कि यूपी में सब चंगा है. सीएम योगी ने सदन में राज्यपाल के प्रति कथित अभद्र व्यवहार को लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताते हुए कहा कि संवैधानिक प्रमुख का सम्मान करना हम सबका दायित्व है. उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का आचरण उसकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश ने अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन, कर्फ्यू से कानून के राज, उपद्रव से उत्सव और अविश्वास से आत्मविश्वास तक की यात्रा तय की है.

> डबल इंजन सरकार की स्पष्ट नीति, साफ नीयत और निर्णायक नेतृत्व ने शासन-प्रशासन की दिशा बदली है. 2017 के बाद प्रदेश में कोई साम्प्रदायिक दंगा नहीं हुआ. पहले वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया जैसी स्थिति थी, गुंडा टैक्स और अवैध वसूली आम बात थी,टॉलरेंस नीति लागू है. मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन के मॉडल के रूप में उभर रहा है.

# अहमदाबाद के 32 स्कूलों में बम की धमकी, पुलिस जांच में जुटी



**गुजरात,16 फरवरी. वडोदरा और अहमदाबाद के 32 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली है. वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूलों में धमकी भेजी गई थी.**

ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा और हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा. सूचना मिलते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को सुरक्षित घर ले आए. बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने स्कूलों की तलाशी शुरू कर दी है. सभी स्कूलों को खाली करा लिया गया है, और वाहनों व परिसर की जांच की जा रही है. वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी एहतियात के तौर पर खाली कराया गया.